तीसरी वात यह भी माननी होगी कि सरकार ने संसद सदस्यों की भावनाओं का आदर करते हुए प्रजातंत्र के लिये एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है तथा स्वस्थ परम्परा भी डाली है ।

विदेशी समाचारपत्रों से

चीन का मार्क्सवाद केवल ` माओ की पूजा ` तक सीमित :

सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी के मुख्य पत्र ` प्रावदा ` में हाल ही में एक लम्बा लेख प्रकाशित हुआ है ।

लेख में चीन में माओत्सेतुंग की ` व्यक्तिगत पूजा ` की कड़ी आलोचना की गयी है और कहा है कि चीन में एक ` रहस्यमय वातावरण ` पैदा कर दिया है ।

चीन ने यह आरोप लगाया था कि सोवियत समाज में ` ज़हरीला वातावरण ` पैदा किया जा रहा है । प्रावदा ने इसी आरोप का उत्तर इस लेख में प्रकाशित किया है। लेख में कहा गया है कि चीन में मार्क्सवाद लेनिनवाद का अध्ययन केवल एक व्यक्ति के अध्ययन तक सीमित कर दिया गया है । मार्क्स, एंगिल्स, और लेनिन की रचनाएँ वहुत कम संख्या में छापी जाती हैं, जवकि माओत्सेतुंग की रचनाओं की ३८ करोड़ प्रतियां छापी जा चुकी हैं ।

चीनी जनता को हर समय माओ की ही चर्चा करने को प्रोत्साहित किया जाता है और माओ की ` सर्वज्ञता ` की प्रशंसा करने को कहा जाता है ।

चीनी जनता से यह भी कहा गया है कि ` माओ ` की रचनाएँ तीन स्थानों पर अवश्य रखो --

घर में, जेव में और जहां काम करते हो, वहां :

` माओ के आदेशों का दिन में कम से कम तीन वार पाठ करो, `

---७

‘ भोजन, अपने बच्चों के स्वास्थ्य और हर चीज़ के लिए उनका धन्यवाद करो’।

इसलिए यह समझना मुश्किल नहीं कि चीन सोवियत संघ द्वारा स्टालिन की निन्दा का विरोध क्यों करता है।

प्रावदा ने यह भी भविष्यवाणी की है कि ऐसा समय भी आएगा जब चीन के वर्तमान नेताओं की रोषपूर्ण निंदा की जाएगी, क्योंकि वे मार्क्सवाद -लेनिनवाद को ‘ राष्ट्रवाद के संकुचित दायरे में सीमित अर्थ बुर्जुआ आइडिलोजी ’ में बदलने की कोशिश कर रहे हैं।

जानकारी हेतु

इस वर्ष अप्रैल में राज्य सभा के द्वि-वार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए। राज्य सभा संसद का अपर हाउस कहलाता है। यह स्थायी होता है। हर दूसरे वर्ष इस हाउस के १।३ सदस्य रिटायर हो जाते हैं तथा उनके स्थान पर दूसरे सदस्य आते हैं। इस वर्ष के द्वि-वार्षिक चुनाव में ७५ सदस्य निर्वाचित हुए। इनमें ४४ नये सदस्य हैं तथा ३१ सदस्य पुन: चुने गये हैं।

स्वतंत्र पार्टी सदन में कम्युनिस्टों के स्थान पर अब मुख्य विरोधी दल है। जिसके सदस्यों की संख्या अब १३ है।

कम्युनिस्ट दल के सदस्यों की संख्या अब ११ है जिनमें २ निर्दलीय सदस्य भी शामिल हैं।

द्वि-वार्षिक चुनाव होने से पूर्व सदन में कांग्रेस पार्टी के १७३ सदस्य थे, लेकिन अब उनकी संख्या १६७ रह गयी है। सदन के सदस्यों की कुल संख्या २३८ है जिनमें २२६ निर्वाचित और १२ नामज़द हैं।

सदन में विभिन्न दलों के सदस्यों की संख्या इस प्रकार है :

कांग्रेस १६७, स्वतंत्र पार्टी १३, जन संघ ४, साम्यवादी ३, मुस्लिम लीग २, किसान व मजदूर २, द्रविड़ मुनेत्र कषगम १, रिपब्लिकन १, निर्दलीय १२, नामज़द १२, कुल २३८ सदस्य हैं।

सदन में मुसलमान २६, सिख ८, ईसाई ५ और महिलाएँ २० हैं।

रामचरनलाल पाठक

--०--

कोहली :

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी
७-जंतर मंतर रोड, नई दिल्ली
(कांग्रेस सेवादल)

अध्ययन पत्रिका नम्बर - ६ : दिनांक १ अप्रैल, १९६४

सुरक्षा परिषद की बैठक : पाक और भारत

पाकिस्तान के अनुरोध करने पर सुरक्षा परिषद की बैठक पुन: २१ मार्च को बुलाई गई। परिषद में आजकल काश्मीर समस्या पर विवाद जारी है। फरवरी माह में हुई बैठक में काश्मीर समस्या पर भारत के पक्ष को भारत के शिक्षा मंत्री, श्री छागला ने बड़ी बुद्धिमत्ता-पूर्वक एवं स्पष्टता के साथ प्रस्तुत किया था।

पाकिस्तान की ओर से वहां के परराष्ट्र मंत्री, श्री भुट्टो विवाद में भाग लेते हैं। उस बैठक में श्री भुट्टो परिषद के सदस्यों को अपने कथन से संतुष्ट नहीं कर सके थे और बैठक अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गयी थी। शायद भुट्टो साहब सुरक्षा परिषद की बैठक को गलत व झूठे प्रचार का अड्डा बनाना चाहते थे। लेकिन उनको सफलता नहीं मिली और खाली हाथों उनको पाकिस्तान वापस आना पड़ा। इसी बीच, चीन के प्रधान मंत्री, श्री चाऊ-एन-लाई ने पाकिस्तान का दौरा किया। श्री भुट्टो ने भी उनके स्वागत व वार्तालाप में भाग लिया था।

यह था, काश्मीर के मामले पर बुलाई गई सुरक्षा परिषद की बैठक का पहला दौर।

श्री भुट्टो साहब ने सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को पत्र लिखकर आग्रह किया कि सुरक्षा परिषद की बैठक पुन: बुलाई जाए। भारत ने लिखित रूप से अध्यक्ष महोदय को अनुरोध किया था कि बैठक मई तक न बुलाई जाए, क्योंकि दिल्ली में भारतीय संसद का बजट अधिवेशन चल रहा है और श्री छागला उसमें मई के प्रथम सप्ताह तक व्यस्त रहेंगे। अध्यक्ष महोदय ने सदस्य राष्ट्रों से परामर्श करके २१ मार्च को सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाई। लेकिन ५ मई तक बैठक स्थगित कर दी गई। परिषद की बैठक स्थगित करने का सुझाव चैकोस्लोविया ने रक्खा था तथा बैठक में ब्राजील ने काश्मीर प्रश्न पर परिषद की बैठक स्थगित करने के बारे में भारत की प्रार्थना पर सहमति प्रगट की और ब्रिटेन, अमरीका, रूस एवं मोरक्को सहित आठ सदस्यों ने इसका समर्थन किया।

श्री भुट्टो चाहते थे कि कोई ऐसी शर्त लगा दी जाय कि स्थगन काल में भारत जम्मू और काश्मीर में कोई वैधानिक एवं प्रशासनिक परिवर्तन न कर सके। लेकिन भारत की ओर से श्री चक्रवर्ती ने बैठक में स्पष्ट कहा कि हम ऐसा कोई वचन नहीं दे सकते कि हम काश्मीर में वैधानिक परिवर्तन नहीं करेंगे। यह हमारा सार्वभौम अधिकार है। इस विषय पर हम पाकिस्तान या सुरक्षा परिषद का कोई भी प्रतिबंध स्वीकार करने के लिये तैयार नहीं हैं।

श्री चक्रवर्ती की इस स्पष्टोक्ति और उनसे पहले रूस और चैकोस्लोवाकिया के प्रतिनिधियों के भाषणों के परिणामस्वरूप पश्चिमी देश पाकिस्तान की ओर से भारत पर किसी

--- २

भी प्रकार की शर्तें लादने में असफल हो गये ।

यह था काश्मीर प्रश्न पर सुरक्षा परिषद की बैठक का दूसरा दौर ।

बैठक के दूसरे दौर में भी पाकिस्तान के परराष्ट्र मंत्री, श्री भुट्टो साहब की इच्छा पूरी नहीं हो सकी तथा उनको दुबारा मात खानी पड़ी ।

अब यह देखना है कि बैठक के तीसरे दौर में पाकिस्तान क्या रुख अपनाता है । यह कोई भी नहीं कह सकता है कि पाकिस्तान कब, कैसा झूठा व गलत षड्यंत्र रच सकता है ।

प्रधान मंत्री का वक्तव्य : श्री भुट्टो द्वारा गलत अर्थ व धमकी

प्रधान मंत्री, श्री नेहरू ने लोक सभा में १६ मार्च को अपने वक्तव्य में स्पष्ट कर दिया था कि भारत की नीति युद्ध-विराम रेखा पार करके पाकिस्तान अधिकृत काश्मीर में घुसने की नहीं है । उनके कथन का अर्थ यह था कि भारत युद्ध-विराम रेखा का पालन करेगा, जबकि पाकिस्तान ऐसा नहीं कर रहा है । लेकिन यदि भारत पर पाकिस्तान ने युद्ध-विराम रेखा की दूसरी ओर से हमला किया, तो रक्षा के लिये युद्ध-विराम रेखा पार करना जरूरी हो सकता है । इस वक्तव्य के बारे में श्री भुट्टो ने सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को पत्र लिखा था । श्री भुट्टो ने श्री नेहरू के वक्तव्य को तोड़-मरोड़कर पेश किया और गलत अर्थ लगाने की दुश्चेष्टा की । आपने वक्तव्य की अधिकारिक प्रति प्राप्त करने की कोशिश नहीं की । प्रधान मंत्री के वक्तव्य की स्पष्टता करते हुए भारत सरकार ने सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष के नाम एक पत्र लिखा है । श्री भुट्टो साहब को प्रधान मंत्री के वक्तव्य का गलत अर्थ लगाने से ही संतोष नहीं हुआ, वरन् उन्होंने यह धमकी दी कि यदि युद्ध-विराम रेखा के पार भारतीय आक्रमण को रोकने के लिए कम्युनिस्ट चीन की जरूरत हुई तो वह उसे लेगा ।

उनकी इस धमकी से एक बात का और आभास होता है । अब तक तो सिर्फ चीन और पाकिस्तान के बीच सीमा, व्यापार और हवाई समझौते तथा पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा चीन में प्रशिक्षण लेने आदि समाचारों से ऐसी आशंका होती थी कि कहीं चीन व पाकिस्तान के बीच कोई गुप्त सैनिक समझौता भी हुआ लगता है । धमकी से इस आशंका को और बल मिलता है ।

भारत सहायता क्लब से सहायता की पूर्ण आशा

पिछले वर्ष क्लब से भारत को पांच अरब ९५ लाख रुपये की मदद मिली थी । जो सन् १९६२-६३ में प्राप्त सहायता से ४० लाख रुपये अधिक थी । लेकिन यह मदद योजना के पहिले साल में प्राप्त मदद से कम थी ।

अभी हाल में ही भारत सहायता क्लब की पेरिस में बैठक हुई थी । आगामी बैठक २४ मई को वाशिंगटन में होगी । आशा तो यही की जाती है कि सन् १९६४-६५ के लिये

---३

भारत को करीव सवा पांच अरव रुपये की सहायता का निश्चित कार्यक्रम स्वीकार कर लिया जावेगा ।

सन् १९६४-६५ के वजट में वित्त मंत्री, श्री कृष्णमाचारी ने वजट में योजना के लिये देशी और विदेशी स्त्रोतों से लगभग दस अरव रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है । इसमें से करीव आधी रकम विदेशों से प्राप्त होने को है । भारत योजना के लिये जितनी मदद चाहता है, उसका व्यौरा क्लव को दिया जा चुका है । अतएव आशा है कि वाशिंगटन वैठक में उसकी पुष्टि की जावेगी । वैठक में पुष्टीकरण की आशा हम इसलिए करते हैं कि भारत का आर्थिक-विकास सही ढंग से हो रहा है तथा इस देश ने सन् १९६३ में अपने निर्यात व्यापार में आठ फीसदी की वृद्धि की है । आयात घटा है तथा अदायगी की स्थिति भी सुधरी है । इन सवके अतिरिक्त अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को करीव पांच करोड़ डालर की रकम लौटाई जा रही है ।

उत्तर प्रदेश का वैधानिक संकट

कुछ समय पूर्व से उत्तर प्रदेश में एक वैधानिक संकट उत्पन्न हो गया है । शुरु में तो ऐसा लगता था कि वह वैधानिक समस्या जल्दी ही सुलझ जायेगी। परन्तु वह समस्या सुलझने के वजाय अधिक उलझनपूर्ण वन गयी । इस समस्या की ओर देश के गणमान्य कानूनी पंडितों का ध्यान केन्द्रित हो गया है तथा राष्ट्रपति महोदय ने यह मामला सर्वोच्च न्यायालय को सौंप दिया है ।

इस वैधानिक समस्या का आधार क्या था, यह समस्या अधिक उलझनपूर्ण कैसे वन गयी, समस्या का हल कैसे सम्भव हो सकता है, आदि वातों की जानकारी के लिये समस्या का आद्योपांत गहन अध्ययन करना आवश्यक है ।

सर्वप्रथम प्रश्न उत्पन्न होता है कि यह समस्या उत्पन्न कैसे हुई ?

उत्तर प्रदेश की विधान सभा ने कुछ दिन पूर्व समाजवादी कार्यकर्त्ता श्री केशव सिंह को विधान सभा का अपमान करने के आरोप में सात दिन की सजा दी थी । श्री केशव सिंह के वकील सोलोमन ने हेवियस कोर्पस की अर्जी इलाहवाद हाई कोर्ट की लखनऊ वेंच में पेश की । उस पर न्यायाधीश वेग एवं न्यायाधीश सहगल ने अंतरिम निषेधादेश जारी करते हुए श्री केशवसिंह को जमानत पर रिहा कर दिया ।

उत्तर प्रदेश की विधान सभा ने लखनऊ वेंच के निर्णय को सदन का अपमान समझा । अतएव विधान सभा ने एक प्रास्ताव पारित कर लखनऊ वेंच के दोनों जजों तथा श्री केशवसिंह के वकील श्री सोलोमन को गिरफ्तार कर सदन के समक्ष पेश होने का आदेश जारी कर दिया। उनके नाम वारंट जारी करके मार्शल को दे दिये गये । इसके विरुद्ध इलाहाबाद हाई कोर्ट में रिट दायर किया गया और हाई कोर्ट की पूर्ण पीठ ने जिसमें २८ जज सम्मिलित थे, अंतरिम एक निषेधादेश जारी कर दिया, जिससे विधान सभा के अध्यक्ष, मार्शल एवं उत्तर प्रदेश सरकार को प्रस्ताव कार्यान्वित होने से रोक दिया ।

---४

विधान सभा ने एक अन्य प्रस्ताव पारित कर जजों व वकील की गिरफ्तारी के वारंट रद्द करके उनको सदन के समक्ष उपस्थित होकर सफाई पेश करने का अवसर दिया। इस प्रस्ताव के द्वारा इस तनाव में कुछ कमी आयी है।

भारत का संविधान सन् १९५० से लागू हुआ है, तबसे इस प्रकार का सर्वप्रथम मामला है।

भारतीय संविधान में भारतीय संसद तथा विधान मण्डलों के अधिकारों का उल्लेख किया गया है। इस बारे में भी दो राय नहीं हो सकती हैं कि संसद तथा विधान मण्डलों में सर्वसाधारण जनता द्वारा प्रदत्त सार्वभौम सत्ता निहित है। विधान में संसद तथा विधान मण्डल के सदस्यों के भी विशेषाधिकारों का उल्लेख किया गया है। लेकिन विधान में न्यायपालिका की प्रतिष्ठा एवं स्वाधीनता की भी गारण्टी दी गयी है। अत: विधान में विधायका एवं न्यायपालिका दोनों के ही अधिकार एवं कर्त्तव्यों का उल्लेख किया गया है। इन दोनों का अलग अलग क्षेत्र है। उत्पन्न मामले से विधान में इन दोनों के अधिकारों एवं कर्त्तव्यों की पूर्ण एवं स्पष्ट रूप से व्याख्या में अभाव प्रतीत होता है।

अब यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में पेश है। अत: शीघ्र ही समाधान हो जाने की पूर्ण आशा है।

प्रधान मंत्री का सन्देश

प्रधान मंत्री, श्री जवाहरलाल नेहरू ने दिनांक २६ मार्च को सायं ८।। बजे आकाशवाणी से राष्ट्र के नाम एक संदेश प्रसारित किया था। संदेश में प्रधान मंत्री ने मुख्य रूप से देशवासियों से मैत्री और एकता का वातावरण बनाये रखने की अपील की है। आज देश संकटकालीन स्थिति के नाज्जुक दौर से गुजर रहा है। चीन और पाकिस्तान का खतरा तो बराबर बना ही हुआ है, साथ में देशवासियों व सरकार के समक्ष भी, पूर्वी पाकिस्तान से हजारों की संख्या में आये हुए शरणार्थियों के बसाने रोजगार आदि की समस्या, काश्मीर की समस्या, साम्प्रदायिक दंगे, बढ़ती हुई मंहगाई आदि अनेक समस्याऐं, विकट रूप से विद्यमान है। अतएव ऐसे नाज्जुक समय में प्रधान मंत्री द्वारा ब्राडकास्ट उचित एवं समयानुकूल था।

साम्प्रदायिकता के बारे में प्रधान मंत्री ने कहा : साम्प्रदायिक झगड़े हमारी नीति के बिल्कुल खिलाफ हैं। मैं आपसे अपील करता हूं कि आप इनके खिलाफ खड़े हों, इनसे लड़ें, और इन्हें खत्म करें, अन्यथा हमारा भविष्य चौपट हो जायगा।

हमारा मुल्क कई मजहबों का मुल्क है। जब तक हम एक दूसरे के भावों की कद्र नहीं करते, आपस में मिलकर नहीं रहते, तब तक हम महान और शक्तिशाली राष्ट्र नहीं बना सकते।

----५

पंडित जी के भाषण के महत्वपूर्ण अंश इसप्रकार हैं :--

पाकिस्तान तो बना ही नफ़रत और तास्सुब की बुनियाद पर । लेकिन हमें हर समय इस रास्ते से बचना है, नहीं, तो यह हमारी एक बड़ी हार होगी । हमें अपनी सनातन संस्कृति पर जमे रहना है और जो हमारे खिलाफ हैं, उनके दिलों को बदलना है । नफ़रत और बर्बरता से एक दूसरे से मुकाबला करने से इन्सान गिर जाता है और अपने देश और देशवासियों पर कलंक का टीका लगता है । एक बुराई से दूसरी बुराई पैदा होती है और इस तरह बुराई फैलती है । राक्षसी कार्यों को रोकने का यह तरीका नहीं है ।

हमें हमेशा याद रखना है कि हर हिन्दुस्तानी को, चाहे वह किसी भी धर्म में विश्वास रखता हो, एक दूसरे के प्रति भाई जैसा ही बर्ताव करना है।

अपने भाषण में प्रधान मंत्री ने जनता से अपील की :

मेरी आप सबसे प्रार्थना है कि इस गैर-इन्साफी बर्ताव को खत्म करें । खासकर मेरी प्रार्थना है, अपने बिहार और उड़ीसा के रहने वाले आदिवासी भाइयों से, जो तरह तरह की खबरें सुनकर भड़क उठे हैं । मैं आशा करता हूं कि वह अपने आपको काबू में रखें और अपने देश के मुसलमान भाइयों के प्रति सद्भावना का बर्ताव करेंगे ।

हमारे राष्ट्रीय कारखाने और साम्प्रदायिक एकता के साथ पूरे भारत का भविष्य बंधा हुआ है । इसलिए मुझे पूरा भरोसा है कि हमारी कोशिशें साम्प्रदायिक एकता बनाने की होंगी और हमारी सारी जनता, खासकर, हमारे समाचारपत्र फिरकेवाराना झगड़ों के खतरों को पूरी तरह समझेंगे ।

समाचार

खाद्य आयात में निरंतर वृद्धि :

देश में खाद्यान्नों की उपज पर्याप्त न होने के कारण विदेशों से अन्न के आयात की मात्रा निरंतर बढ़ती जारही है।

खाद्य एवं कृषि मंत्रालय की १९६३-६४ की रिपोर्ट के अनुसार १९६३- में १८३.६ करोड़ रुपए की लागत का ४५.६ लाख टन खाद्यान्न बाहर से मंगाया गया । जबकि १९६२ में १४१.१ करोड़ रुपये का मूल्य का ३६.४ लाख टन और १९६१ में १२९.६ करोड़ रुपये का ३५.०० लाख टन अन्न का आयात हुआ था । गत वर्ष आयात में ४०.७३ लाख टन गेहूं और ४.८३ लाख टन चावल सम्मिलित है ।

प० जर्मनी भारत को स्वयं सेवक इन्जीनियर देने को तैयार :

प० जर्मनी कुछ ऐसे स्वयं सेवक भारत भेजने को तैयार है जो मैकेनिकल इन्जीनियर और कुशल कारीगर हैं ।

ये जर्मन इन्जीनियर तथा कारीगर भारत के आर्थिक विकास में योग देंगे ।

इस आशय की एक घोषणा पश्चिमी जर्मनी के आर्थिक सहयोग मंत्रालय के संयुक्त सचिव, डा० वाल्टर राऊ और योजना विभाग के अधिकारी श्री विक ने की ।

जर्मनी स्वयं सेवक भारतीय टैक्नीशियनों के साथ कार्य करेंगे और उन्हें उत्पादन बढ़ाने के नये तरीकों की शिक्षा देंगे । इन जर्मन स्वयं सेवकों की सेवाएँ औद्योगिक संगठनों द्वारा भी प्राप्त की जा सकेंगी । प० जर्मन इन सभी स्वयं सेवकों का सारा खर्चा बर्दाश्त करेंगे ।भारत सरकार को उनके निवास की समुचित व्यवस्था करनी होगी ।

भारत--पोलैण्ड में तकनीकी सहयोग

भारत व पोलैण्ड के बीच दिनांक १६ मार्च को एक वैज्ञानिक तकनीकी व सांस्कृतिक सहयोग कार्यक्रम पर पत्रों का विनिमय हुआ । यह कार्यक्रम दो साल के लिये (१९६४-६६) है ।

पत्रों पर हस्ताक्षर भारत की ओर से शिक्षा मंत्री, श्री चागला तथा पोलैंड की ओर से उसके कला व संस्कृति मंत्री श्री टी० गालेस्की ने किये ।

सीमा क्षेत्रों में सड़कें बनाने का लक्ष्य दुगना :

सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कें बिछाने के पूर्व निर्धारित लक्ष्य को बढ़ाकर दुगना कर दिया गया है ।

संशोधित योजनानुसार सीमावर्ती इलाकों में ५,३०० मील नई सड़कें बनाई जाएंगी तथा वर्तमान सड़कों में २,३०० मील की लम्बाई में सुधार किया जायेगा ।

नई सड़कों में पंजाब-चीन सीमा पर स्थित मनाली से एक सड़क आरम्भ होगी और लद्दाख के मुख्यालय लेह तक जायगी । इनका सम्बन्ध चण्डीगढ़, नांगल (पंजाब) और बिलासपुर तथा मण्डी से भी रहेगा ।

सभी पहाड़ी सड़कों को तीन टन वजन के भारी यानों के योग्य बनाया जावेगा ।

रामचरन लाल पाठक

कोहली :

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी
७ जन्तर मन्तर रोड, नई दिल्ली

(कांग्रेस सेवा दल)
अध्ययन पत्रिका नम्बर - ५
(दिनांक १ मार्च १९६४)

डा० जाकिर हुसैन का संसद में उद्घाटन भाषण

संसद के बजट अधिवेशन के पहिले दिन दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपनें अभिभाषण में कार्यवाहक राष्ट्रपति डा० जाकिर हुसैन नें अन्य देशों से शांतिमय सहजीवन एवं गुटों से अलगाव की नीति पर फिर आस्था प्रगट की तथा देश में लोकतंत्री समाजवादी समाज की स्थापना पर जोर दिया ।

भाषण के कुछ महत्वपूर्ण अंश निम्नांकित हैं:-

हमारी तीसरी पंचवर्षीय योजना नें तीन वर्षों में जो प्रगति की उसका मूल्यांकन करनें पर योजना कमीशन को पता चला है कि बाकी के दो वर्षों में बहुत बड़ी मंजिल ते करनी है और अगर हम चाहते हैं कि हमारी उम्मीदें पूरी हों, तो हमको जी जान से कोशिश करनी पडेगी ।

औद्योगिक उत्पादन बरावर बढ रहा है । ऐसी आशा की जाती है कि पिछले साल जितना औद्योगिक उत्पादन हुआ था १९६३-६४ में उससे ८-७ प्रतिशत अधिक होगा । कोयला और इस्पात जैसे बुनियादी उद्योगों में और प्रगति हुई है । इस्पात के कारखानें लगभग पूरी ताकत से उत्पादन कर रहें हैं ।

निर्यात से हमारी आमदनी बढ़ी है । और हमारे मित्र देश हमें जो बाहरी सहायता देते रहे हैं उससे हमारे विदेशी मुद्रा कोष की हालत सुधरी है और देश को जो अदायगियाँ करनी हैं उनके कारण पिछले साल उस पर जितना दवाव पड रहा था। इस साल नहीं पड़ रहा है ।

खेती और उद्योगों दोनों के लिये खासकर सहकारी क्षेत्र और छोटे पमानें के उद्योगों के लिये आर्थिक सहायता बढाई जा रही है ।

प्रशासन के काम में चुस्ती लानें के लिये और भ्रष्टाचार और बेईमानी के खिलाफ की गई शिकायतों पर फौरन और कारगर ढंग से ध्यान देनें के लिए यह तय किया गया है कि एक सेंट्रल विजीलेंस कमीशन की स्थापना की जाय जिसका दर्जा लगभग वैसा ही होगा जैसा यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन का । कार्यवाहक राष्ट्रपति के अभिभाषण में भारत की प्रगति तथा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओं का चित्र स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है । भारत सरकार नें उन समस्याओं को हल करनें के लिए क्या क्या प्रयत्न किए हैं यह भी इंगित किया गया है ।

कोयला, स्पात, विजली, यातायात, खनिज, उत्पादन, तेल एवं गैस और परमाणु शक्ति के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का विवरण काफी आशाजनक है ।

आर्थिक दृष्टि से भारत अभी आत्म निर्भर नहीं कहा जा सकता है परन्तु भाषण से इतना अवश्य स्पष्ट होता है कि भारत आर्थिक क्षेत्र में भी प्रगति कर रहा है । विदेशी मुद्रा कोष एवं तथा भुगतान की स्थिति सुधरती जा रहा है ।

(चालू----------- २)

निर्यात बढ़ानें का प्रयत्न जारी है। भारत की सुरक्षा शक्ति बढ़ रही है। यह एक प्रसन्नता की बात है जबकि पाक चीन का खतरा भारत से बराबर बना हुआ है, ऐसी संकट कालीन स्थिति में सुरक्षा शक्ति को बढ़ाना समयानुकूल एवं उचित ही है।

प्रशासन में भ्रष्टाचार काफी बढ़ चुका है इसको दूर करनें के लिये सरकार शीघ्र ही समुचित कदम उठा रही है इसका भी अभिभाषण में उल्लेख किया गया है।

अभिभाषण के अंत में भारत की मूलभूत नीति का दिग्दर्शन किया गया है। जिसमें स्पष्ट बतलाया गया है कि भारत एक तटस्थ देश है। वह शांति एवं अ अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग में पूर्ण विश्वास रखता है।

पाक चीन और भारत

चीन के प्रधानमंत्री श्री चाऊ एन लाई अपनें कुछ वरिष्ठ अधिकारियों एवं परराष्ट्रमंत्री के साथ पाकिस्तान में ६ दिन की यात्रा पर हैं। यद्यपि चाऊ एन लाई की पाकिस्तान यात्रा के बारे में पहिले से ही काफी प्रचार किया जा चुका था परन्तु फिर भी पाकिस्तान सरकार नें चीनी प्रधानमंत्री के आगमन से २ दिन पूर्व तक भी उनके कार्यक्रम की पुष्टि नहीं की थी। मार्शल अयूब नें अमेरिका तथा इंगलैण्ड को यह कहा बतलाते हैं कि चाऊ एन लाई स्वयं पाकिस्तान की यात्रा पर आना चाहते थे। पाकिस्तान नें उनकी इस यात्रा को अस्वीकार करना अशिष्टता समझी।

करीब ७ वर्ष पूर्व चाऊ एन लाई नें पाकिस्ता की प्रथम यात्रा की थी। यह उनकी दूसरी यात्रा है जो कि अधिक दिलचस्प एवं महत्वपूर्ण बतलाई जा रही है।

पाकिस्ता भारत से दुश्मनी रखता है अतएव पाकिस्ता भारत के खिलाफ अपनें अधिक देशों को मित्र बनाना चाहता है। पाकिस्तान का एशिया तथा अफ्रीका के देशों के साथ मैत्री सम्बन्ध बढ़ानें का एक मुख्य उद्देश्य यह भी है कि भारत के खि खिलाफ एक बड़ा मोर्चा तैयार किया जाय। पाकिस्तान के इरादों की सच्ची तस्वीर अभी हाल ही में भारत के शिक्षा मंत्री, श्री छागला नें सुरक्षा परिषद के समक्ष प्रस्तुत की है।

पाकिस्तान व चीन के मैत्री सम्बन्ध भारत चीन सीमा विवाद होनें के बाद से प्रारम्भ हुए। सर्व प्रथम मई १९६१ में यह एक अनौपचारिक घोषणा की गई थी कि पाकिस्तान चीन के साथ काश्मीर की उत्तरी सीमा के बारे में वार्तालाप क करेगा। यह भारत के साथ पाकिस्तान का जानबूझ कर किया जानें वाला षड्यंत्र था। इसके द्वारा पाकिस्तान नें संयुक्त राष्ट्रसंघ की इस घोषणा का इरादतन उ उल्लंघन किया कि सम्पूर्ण काश्मीर पर भारत की सार्वभौमि सत्ता है तथा काश्मीर की सुरक्षा का पूर्ण उत्तरदायित्व भी भारत पर है। पाकिस्तान में तानाशाही शासन है उसमें प्रजातंत्र को कोई स्थान नहीं है इसके अतिरिक्त पाकिस्तान में गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, आदि अनेक घरेलू विकट समस्याएं हैं जिनसे वहां के व्यक्ति काफी परेशान व दुखी हैं। पाकिस्तान के तानाशाह मार्शल अयूब की पाकिस्तानियों का ध्यान घरेलू समस्याओं से हटाकर समस्याओं की ओर आकृष्ट करनें की शुरू से ही एक नीति रही है। चीन ने भारत पर हमला किया। पाकिस्तान को यह एक

(चालू ----------- ३)

अच्छा अवसर मिल गया। अतएव वह काश्मीर पर अपनें दावे को मजबूत से पेश करनें के दाव पेच शुरू कर दिए। पाकिस्तान चीन से अपनें मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध बढ़ानें लगा। इस मैत्री से पाकिस्तान पश्चिम देशों से भारत को मिलनें वाली सहायता को कम करनें या बंद करनें में सहायक हो सकता है। दूसरे भारत सरकार का ध्यान रक्षा कार्यों की ओर अधिक लग जानें से भारत की प्रगति एवं निर्माणकार्य रुक जावेगें। तीसरी बात जो पाकिस्तान सोचता है वह हो सकती है कि चीन के साथ मैत्री करनें से पाकिस्तान की ताकत बढ़ेगी तथा भारत कमजोर हो जावेगा। फिर सम्भव हो सकता है कि भारत परेशान होकर काश्मीर पर अपना दावा छोड़ दे।

लेकिन मार्शल अयूब के ये नापाक इरादे कभी पूरे नहीं सकते हैं। पाकिस्तान समय समय पर भारत सीमावर्ती इलाकों में कुछ न कुछ षड्यन्त्र, गडबडी आदि करता ही रहता है, परन्तु फिर भी भारत, अपनीं जनता की एकता की शक्ति के आधार पर अपनें पवित्र उद्देश्यों की पूर्ति के लिये तथा अखंडता की रक्षा के लिए कटिबद्ध है।

चीन एक अवसरवादी, कम्युनिस्ट, विस्तारवादी स्वार्थी देश है। भारत को कमजोर बनानें की दृष्टि से ही उसनें पाकिस्तान के साथ सैनिक संधि की है। यही कारण है कि चीन नें भारत चीन सीमा विवाद अन्य त्रि राष्ट्रों के प्रयत्नों के बावजूद भी अनिर्णित छोड रक्खा है। वह कभी भी भारत को नीचा दिखलानें की कोशिश कर सकता है। पकिस्तान तथा चीन इन दोनों देशों की संस्कृति, विचारधारा, नेतृत्व शासनप्रणाली, आदि बिल्कुल ही भिन्न हैं, परन्तु भारत को कमजोर बनानें की दृष्टि से इन दोनों देशों नें अपनें नापाक इरादों की पूर्ति के लिये आपस में सांठ गांठ करतीं है।

काश्मीर के बारे में चीन का रवैया समय समय पर बदलता रहा है। सन् १९५६ में श्री चाऊ एन लाई नें भारत के राजदूत से पेकिंग में कहा था "काश्मीरी जनता काश्मीर के भारत में विलय हो जानें की इच्छा पूर्णतया व्यक्त कर चुकी है।" सन् १९६१ में श्री चाऊ नें भारत के परराष्ट्र मंत्रालय के सेक्रेटरी जनरल से कहा था "क्या आप कोई ऐसा उदाहरण प्रस्तुत कर सकते हैं जिससे यह प्रतीत हो कि हमनें यह कहा है कि काश्मीर भारत का अंग नहीं है।" जबसे चीन नें पाकिस्तान से मैत्री सम्बन्ध बढानें शुरू करे तो काश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच एक बडी समस्या बतलाया और सन् १९६२ में श्री चाऊ नें भारत को लिखा -- "क्या आप कोई उदाहरण प्रस्तुत कर सकते है जिससे ऐसा प्रतीत हो कि हम नें यह कभी कहा है कि काश्मीर भारत का एक अंग है।"

उपरोक्त कथनों से चीन की अवसरवादिता एवं इरादों का अनुमान लगाया जा सकता है।

श्री चाऊ एन लाई अभी हालही में कुछ अफ्रीकी देशों का भ्रमण कर वापिस आये हैं। वहां आपनें द्वितीय अफ्रो एशियन सम्मेलन बुलानें का प्रचार किया है जो बाडुंग जैसा ही। इस प्रचार के लिए मार्शल अयूब खां भी सीलोन की सहानुभूति प्राप्त करनें वहां गये। इस सम्मेलन का उद्देश्य अफ्रीका तथा एशिया के

(चालू------------ ४)

देशों में एकता स्थापित करना है । लेकिन सही स्थिति कुछ अन्य ही है । न तो चीन और न पाकिस्तान ही इन देशों की एकता में रुचि रखता है । वे दोनों ही इस प्रकार का सम्मेलन करके भारत के खिलाफ प्रोपेगंडा का मोर्चा बनाना चाहते हैं ।

प्रसोपा तथा सोपा राजनैतिक दलों का एककरण

आजकल प्रजासोशलिस्ट पार्टी तथा सोशलिस्ट पार्टी के नेताओं में इन दोनों दलों के एककरण के बारे में चर्चा चल रही है । इन दो पार्टियों के एकीकरण या विलय होकर नई पार्टी का आधार क्या हो सकता है ? इस बारे में दोनों दलों की ओर से यह बात स्वीकार करली गई है कि यह नवनिर्मित पार्टी होगी ।

यह पार्टी एन्टी कम्युनिस्ट पार्टी भी होगी इन दोनों पार्टियों के लिये के सिर्फ दो तरीके सम्भव हो सकते हैं । प्रथम तो यह कि दोनों पार्टियों की वर्तमान सदस्यता को मिलाकर एक एडहाक कमेटी, नियुक्त की जाय ताकि वह सम्बन्धित मामलों का उपयन्त तक व्यवस्था कर सके जब तक कि अखिल भारतीय स्तर पर संयुक्त पार्टी के चुनाव हो और इस हेतु अखिल भारतीय सम्मेलन का आयोजन हो । दूसरा तरीका यह हो सकता है कि दोनों पार्टियों को भंग करके एक एडहाक कमेटी नये सदस्यों की भर्ती के लिये नियुक्त करदी जाय तथा इसके बाद चुनाव व राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाय ।

उपरोक्त दोनों तरीकों में से दूसरा तरीका यदि अपनाया जाय, तो वह स्थायी व अधिक अच्छा रहेगा । इन दोनों पार्टियों को एक बनाने के लिए चाहे कोई भी तरीका अपनाया जाय परन्तु एक बात आवश्यक लगती है कि इन दोनों पार्टियों के उच्चकोटि के नेताओं की संयुक्त बैठक होगी जो नवनिर्मित पार्टी की योजना को कार्यान्वित करने के बारे में विचार करेगी। इस योजना को संयुक्त पार्टी के अखिल भारतीय सम्मेलन की भी स्वीकृति प्राप्त होगी ।

डा० लोहिया दोनों पार्टियों के मिलन की बातचीतों से अपने आपको अलग रख रहे हैं । इससे प्रसोपा में कुछ गलतफहमी फैलने का अंदेशा हो सकता है । क्योंकि डा० लोहिया ने खुले तौर पर यह घोषित किया है कि वह नई पार्टी बन जाने के बाद ही अपना दृष्टिकोण तथा मत निश्चित करेंगे । प्रसोपा तथा सोपा पार्टी में भी काफी व्यक्ति ऐसे हैं जो डा० लोहिया के भक्त हैं अथवा दूसरे शब्दों में कहिये कि वे उनके अनुयायी हैं । बिना डा० लोहिया के वे नई पार्टी में कैसे सम्मलित होंगे यह भी विचारणीय है । डा० लोहिया के अतिरिक्त एक दूसरी समस्या और है, श्री अशोक मेहता को सोपा पार्टी की सदस्यता से हटा दिया गया है । सोपा की कार्यकारिणी का इस आधार पर काफी विरोध भी किया गया है। पार्टी के एक नेता गेंदासिंह भी उनमें से एक हैं परन्तु सर्वश्री नाथपै तथा फरीद अंसारी विरोधियों में सम्मिलित नहीं हैं । इस प्रकार से श्री अशोक मेहता के पार्टी से निष्कासन के फलस्वरूप पक्ष व विपक्ष में दो ग्रुप हो गये हैं । नई पार्टी में

(चालू----------- ५)

किस ग्रुप के कितने व्यक्ति कैसे सम्मिलित होंगे, यह भी विचारणीय है । अतएव प्रसोपा व सोपा पार्टियों के एकीकरण में उपरोक्त कुछ समस्याएं अवरोध के रूप में विद्यमान हैं जिनका कि दोनों पार्टियों के नेताओं को समाधान करना होगा ।

काश्मीर के बारे में:-

श्री छागला के भाषणों से कुछ महत्वपूर्ण अंश:-

ब्रिटिश संसद द्वारा पास किए गए भारत स्वतंत्रता कानून के अन्तर्गत भारत की ५५० देशी रियासतों का भारत में विलय हुआ था । यदि उन सभी देशी राज्यों का विलय कानूनी था तो उसी आधार पर काश्मीर का विलय भी पूरी तरह कानूनी है और उसका विरोध नहीं किया जा सकता है ।

पाकिस्तान ने काश्मीर पर हमला किया था और उसका हमला अभी तक बना हुआ है । यह एक कानूनी तथ्य है ।

--+-- --+-- --+--

भारत आत्मनिर्णय के सिद्धान्त के खिलाफ नहीं है । आत्म निर्णय का अधिकार पूरे देश को होता है । किसी देश के एक हिस्से को नहीं । क्या पाकिस्तान पूर्वी बंगाल या पख्तूनिया की जनता को आत्म निर्णय का अधिकार देने को तैयार होगा ? फिर भारत के एक भाग काश्मीर के बारे में आत्म निर्णय की बात क्यों कही जाती है

--+-- --+-- --+--

काश्मीर का कोई झगडा नहीं है केवल इस बारे में पाकिस्तान से मतभेद है और यह मतभेद दोनों देशों की बातचीत से हल हो सकता है ।

-+- -+- -+-

सुरक्षा परिषद की बैठक का सबसे बडा लाभ यह हुआ है कि अब सभी सदस्य यह मान गये हैं कि काश्मीर पर भारत और पाकिस्तान का विवाद दोनों देशों की बातचीत से ही खत्म हो सकता है इसलिए इस बार सुरक्षा परिषद का कोई भी सदस्य देश प्रस्ताव पेश करने के लिये राजी नहीं हुआ । यही भारत की सफलता और पाकिस्तान की असफलता है ।

-+- -+- -+-

उप महाद्वीप को कम्युनिष्ट चीन के खतरे और कम्युनिस्ट चीन के साथ पाकिस्तान की सांठ गांठ के कारण काश्मीर के मामले का महत्व बहुत ज्यादा बढ गया है । चीन के प्रसारवाद को केवल भारत ही रोक सकता है जबकि पाकिस्तान भारत को मजबूत और शक्तिशाली देखना नहीं चाहता । अगर भारत अन्दरूनी तौर पर कमजोर रहा तो मित्र देशों ने कम्युनिस्ट चीन के मुकाबले के लिये भारत को जो सहायता दी है उसका सारा उद्देश्य ही चौपट हो जायगा ।

-+- -+- -+-

इतिहास के आरम्भ से काश्मीर भारत और भारतीय संस्कृति का अंग रहा है । काश्मीर की जनता में वही रक्त और मांस है जो भारत की जनता में है। जम्मू काश्मीर भारत के १६ प्रदेशों में से एक प्रदेश है और भारतीय नागरिकों की हैसियत से काश्मीर की जनता को वह सब स्वतंत्रता प्राप्त है जो भारत में रहने वाले किसी भी नागरिक को प्राप्त है ।

(चालू ----------- ६)

काश्मीर को भारत का उपनिवेश बताना काश्मीरी जनता का अपमान है। काश्मीरी जनता सदैव से भारतीय है। तथ्य यह है कि इस समय पाकिस्तान स्वयं अपने अंत:मन को टटोले और यह देखे कि उसने काश्मीर के दो पांचवें हिस्से पर किस प्रकार अपना औपनिवेशिक शासन बना रखा है। जनमत संग्रह के संबंध में सुरक्षा परिषद ने जो दो प्रस्ताव पास किये थे उनके साथ शर्त यह थी कि पाकिस्तान ने काश्मीर के जिस हिस्से पर गैर कानूनी कब्जा कर रखा है, उसको इसे खाली करना चाहिये। लेकिन पाकिस्तान ने वह शर्त पूरी नहीं की असल में यह शर्त ही नहीं, उससे भी बडी बात है। क्योंकि दोनों प्रस्ताव उसी बात पर आधारित थे। शर्त पूरी नहीं की गई। इसलिये प्रस्तावों का आधार ही खत्म हो गया। अब हम उन प्रस्तावों से बिल्कुल बंधे हुए नहीं हैं। फिर इतना समय बीतने और अन्य अनेक कारणों से उनकी उपयोगिता ही समाप्त हो गई है।

-+- -+- -+-

तथ्य तो यह है कि काश्मीर कानूनी और वैधानिक दृष्टि से भारत का अंग है। हम हिन्दुओं और मुसलमानों को अलग अलग मानते ही नहीं। फिर सबसे बडी बात तो यह है कि काश्मीर हमारी धर्म निरपेक्षता का प्रतीक है।

-+- -+- -+-

भारत के पांच करोड़ मुसलमान साधारण अर्थ में अल्प संख्यक नहीं हैं। वह उसी भूमि के बच्चे हैं। जाति के भारतीय हैं। उन्हें नागरिकता के सभी अधिकार हैं। उनके लिये हर जगह, हर अवसर, खुला है बहुत से मुसलमान भारत में बहुत ऊंचे ऊंचे पदों पर हैं। हमारी सभ्यता विभिन्न संस्कृतियों का मिश्रण है और इसमें मुसलमानों का योगदान भी बडा महत्वपूर्ण रहा है। हमारे यहां कोई प्रथम या द्वितीय श्रेणी नहीं है। कानून के सामने सभी बराबर हैं।

-+- -+- -+-

पाकिस्तान के साथ हमारे अधिकतर मतभेदों का बुनियादी कारण यही है कि हमारा देश धर्म निरपेक्ष है जबकि पाकिस्तान इस्लामी राज्य है।

-+- -+- -+-

पाकिस्तान के परराष्ट्र मंत्री श्री जेड० ए० भुट्टो जिन्होंने परिषद में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया, खाली हाथ कराची लौट रहे हैं। वह चीनी प्रधानमंत्री श्री चाऊ एन लाई के लिये कोई उपहार नहीं ले जा रहे हैं।

-- रामचरनलाल पाठक

रा० प्र०

जानकारी के लिए

ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE
7, Jantar Mantar Road
NEW DELHI

CONGRESS SEVA DAL

27th November, 1964

Sub: **41ST YEAR SEVA DAL DAY**

Dear Friend,

You are aware that the Congress Seva Dal observes Seva Dal Day on the last Sunday of the year. This year it falls on 27th Dec. 1964. It is a general practice to observe the week preceding the Dal Day as a Seva Dal week. The local units arrange different programmes suitable to the local conditions during these days. But with a view to having some uniformity we have suggested certain programmes which may be common to all places.

They are as follows:

(1) Flag Salutation on 27th December between 8 to 9 A.M.

(2) Meeting or Social gathering of present and ex-members of Seva Dal at any convenient time.

(3) Collection of Funds for local Seva Dal work.

I hope your Pradesh Seva Dal Board will draft a suitable programme for the pradesh and issue instructions to all Districts and Shakhas in the Pradesh. I am sure the District and other subordinate Congress Committees will offer all cooperation to the Seva Dal in observation of the Seva Dal Day in a befitting manner. It will be a great encouragement to the young men and women volunteers of Seva Dal if the office bearers of the Congress actively participate in all their functions.

Yours sincerely,
Manaen
(T. Manaen)
GENERAL SECRETARY

The General Secretary,
Pradesh Congress Committee.

Kns:

२००

फोन नं० २३८८, ३८३५, ४७२३

तार : 'कांग्रेस'

कांग्रेस सेवादल राजस्थान

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

जयपुर

क्रमांक स.प. १००३/६४

दिनांक 16/12/64 १९६

Respected Dr. Sahib,

Your P.C. of is to hand. I was very much glad to see your letter & also to read the message that you have sent. Now I am trying to get your message printed in poster seze. I will informe you latter on what I could do in this.

Sir, I am extremly sorry to disappoint you, by not going to your place. However I was late by one week to rejoin my duty of Rajasthan, I had informed to Shri S.V. Inamdarji as soon as I got your P.C., & was waiting for his reply. But I missed him too and I could not dare to come you. Hope you will pardon your boy, sir.

I am enclosing a copy of the quastionniar of 1964 of All India Office, a copy of an yearly report and a copy of the report of the first meeting of newly formed of P.V.B. of Rajasthan. How is your health ? Please take care of your own.

Thankking you,

Yours sincerely,

S.S. Khursale

(S.S. Khursale.)
In-charge.

Dr. N.S. Hardikar,
Sunchalak, CSD,
C/o Karnatak Health Institute,
P.o. GHATAPRABHA,
Distt. BELGAMN(MYSORE.)

Rajasthan Pradesh Congress committee

Station Road, Jaipur

(Congress Seva Dal)   Dt. 7/12/64

YEARY REPORT

Friends,

I hereby submit an yearly review of the work dom by the pradesh Seva Dal, during 1963-64. Exactly before two years I took over the charge of the Rajasthan Seva Dal work as In-charge. I was sent to this province during the time of state emergency to co-ordinate the activities in this pradesh. All most all the activities were totaly ceased to the ground when I joined my duty.

During the year 1962-63 I tired my level best to rebuild the activites and also the contacts of the workers with this pradesh office, and I was happy to note the enthusiasm in the workers. They helped me a lot to revitalise the work. Due to all their sinceer and hard work and a great co-operation from the PCC as well as the DCCs. I was able do some thing in our pradesh.

The AICC session was held in Jaipur during last-year which helped me to strenthen the activities in thepradesh. Five hundred boys & girlsunder took part the session work and did satisfactorly. So this is all about thelast year. And now I will give the details of this year work. The year was started with a magnificent, ehthusiasm in the workers, they carried the spirit from the AICC session. But as usual it could not last long. So Sir, you may put me the question here, why the spirit could not lost long ? well your question is very appropriate. But there are number of reasons of the both sides, which decays the spirit & enthusiasm of the workers. Sir, here I would like to state a few important reasons for that.

1 Rajasthan has got a very few trained and experianced workers.

2 All most all theDCCs are not giving a strong hand to the Seva Dal workers to strenthen their activities. Their is no financial help from any DCC.

3 There are no full time or part time workers in the pradesh.

P.T.O.

4 The financial help from PCC is in suffiecient.

5 There is no security of theworkers. Also there is no recongition of their services to the Congress. So the workers became frustrated & go out of the organisation with in a very short time.

6 Many times we are not getting the promissing workers. This is due to the lack of training camps organised inthe pradesh .

Any way the work was in progress during the first quarter of the year and then descended gradually to its normal stage. At present the work is being carried on at the following 11 places, named-

1 Jaipur 2 Sri Ganga nagar, 3 Bayana 4 Rudwal in Bharatpur Distt.
5 Maniya in Dholpur Distt. 6 S. Madhopur 7 Kota 8 Bikaner City.
9 Barmer 10 Bhawanimandi 11 Jodhpur.

There are no activities in following districts.

1 Alwar
4 Sikar
7 Pali
10 Jodhpur rural
13 Chittore
16 Dungarpur.
2 Jaipur rural
5 ZunZunu
8 Jalor
11 Bundi
14 Bhilwara
3 Ajmer.
6 Nagore
9 Serohi
12 Udaipur
15 Banswara

The DCCs were asked from time to time to start the work in their district. But I am sorry to note their poor response. There are no trained workers in these districts. The shortness of the workers can be removed by condutating training camp for these districts. We can hold the camps only after getting financial helps either from DCCs or PCC. But we could not get same.

Well, now I will serve you with other detail information of the work in the pradesh.

The numerical strenth of the volunteers at present is as follows.

S. No	Name of the place	Balak	Balika	Kumar	Kumari	Sevak	Sevika
1	S. Madhopur	10	15	10	10	30	-
2	Maniya	-	-	-	-	10	-
3	Jodhpur	6	6	8	10	20	30
4	Jaipur	10	5	16	-	20	30
5	Bikaner	-	-	-	-	20	-
6	Ganganagar	-	-	-	-	40	-
7	Kota	-	-	-	-	40	30
8	Bharapur	10	-	-	-	50	-
9	Barmer	20	-	30	-	100	-
10	Panch Pahar	-	-	-	-	20	-
	Total	56	26	75	20	370	70

P.T.O.

The following public services & help to the Congress Committees were rendered.

1 **JANUARY**

The republic day was celebrated at all the active place & districts. Volunteers took part in the functions Organised by their respective Congress Committees

2 **FEBRUARY.**

A three days primary camp was organised by jodhpur Seva Dal in which 15 days boys & girls took part. Also volunteers were sent in a public meeting of shri Acharya Vinobha Bhave, to organise the meeting work, by Jodhpur.

3 **MARCH**

A guard of Honour was given in the honour of the All India Congress Committee President Shri K. Kamraj on his arrival at Jaipur on 20/3/64. 50 Full uniformed volunteers took part in it. Also guard of honours were given in his honour at Jodhpur & Bikaner during his visit to these places. Volunteers took part in arrangements of his public meeting at these places. The All India Organiser Shri S.N. Subbarao ~~14~~ accupained the President.

10 Volunteers of Rudawal District Bharatpur Under took a sharmdan work of clearing of the drinking waterwell. Also they co-operated with the local people to collect funds for Higher Secondary School, which was to be erected there.

4 **APRIL**

No extra Ordinary services were rendred.

5 **MAY**

The 73rd birth day of Shri Dr. N.S. Hardikar, Sunchalak CONGRESS SEVA DAL was celebrated by the Jaipur Seva Dal. Shri Haribhau Upadhayay, Education Minister of Rajasthan, Govt. precidid over the function as a Chiefguest. On this occason prizes were distributed to the winners in sports compitition held during the last year on the occason of the Dal day. Sevikas from Adarsh Nagar presented a short intertainment programme. Certificates of ~~Shr~~ Shahpura camp were also distributed by the Chief guest. A library was inugurated

P.T.O.

by Shri upadhayayji on the same occasion. The books were donated by the volunteers of Jaipur City. There are 170 books now in the library.

As soon as the shocking sad news of the death of Shri Jawhar Lal Nehru came in, all the volunteers of Jaipur & of all other places assembled at there respective Congress Committees & took part in the functions organiid by the Congress Committees in the morning of the great departed leader. Condolance meetings were held at all the active places.

6 JUNE

The ashes of thelate beloved leader were brought to Jaipur by theChief Minister of Rajasthan on the 2nd June, 64. ~~The~~ A guard of honour was given to the ashes on the railway station by 20 uniformed volunteers. Also volunteers helped the police & Military men in maintaing the peace throughout the function. These ashes were then carried to Albert Hall at Ram Niwas Guarden where they were put for the public to pay Their homage to the leader, for 7days. Volunteers of Jaipur helped in guarding the ashes ~~were~~ for all the days. On the 8th ashes were again carried to the holy place pukharraj at Ajmer. About 20 Volunteers were sent there for the arrangements. The following distiots took part in the functions organised in this connection at there places. Barmer, Jodhpur, Kota, S. Madhopur, Bharatpur etc.

7 JULY

No extra ordinary services were rendered.

8 AUGUST

Very heavy rains hit theJaipur city on 22 & 23. A smalll erathened lake was washed out by these rains & all the water rushed through the lowere part of the city & created a danger there. Zppgiwals lost their zoogies & became home-less. Volunteers were sent in there help. Food, clothes etc. were distributed by Jaipur DCC through the volunteers help.

The independance day was celebrated at all the activ

places.

P.T.O.

9 **SEPTEMBER**

No extra ordinary services were rendered

10 **October.**

Hartal was organised at Punch Pahar, district Zalawar by the opposition parties, 40 volunteers helped the Sgp Congress Committee to keep law & order in the town.

A Joint meeting of thepradesh Executives of M.P. & Rajasthan respectively was organised in Kota on the 5th & 6th of Oct. 64. to discuss the common border problems facing. AICC president Shri K. Kamraj precided over the meeting. A guard of honour was given in his honour by 20 Sevak & 15 Sevikas on the railway station. Also they helped in arrangeing the public meeting & the procession.

Shri Hira Lal Indora, District Adhinayak of Shri Ganganagar was specially deputed at Hunumangarh, during the by election. Also Shri Akeshaya Singh & Jainarayan tak of Jodhpur were sent for theelection work. A guard of honour was given to the Chief minister of Rajasthan on his visit to Hanuman garh during the election period, 30 volunteers were present. Shri Mohan Lal Khatak Office Secretay of Shri Ganganagar Seva Dal was put incharge of Propaganda & Loudspeaker arrangements. He worked satisfactory.

11 **NOVEMBER**

The Undion Home Minister Shri Gulzari Lal Nanda visited the Jaipur city on 13th November, 64. A public meeting was organised by the DCC, about one dast volunteers helped in meeting arrangement.

Sir, I am glad to inform you that the All India Organsir Shri S.V. Inamdar visited our province & inspected the work that is going on here. Following are his remarks.

1 After a long time I visited Rajasthan. The work at Jaipur is in progress. I was glad to find new and educated workers in Kota. Further attempts can be made to bring in more such workers in Kota as well as in Jaipur . I could see the office in S. Madhopur only.

2 A training camp of general nature to train the new workers is essential this should be tried at the earlist. P.TO

PRESS RELEASE 26

Congress Seva Dal

The Congress Seva Dal completes its forty one years of service to the Congress and the country, this year and enters in forty second year in 1965. This year the Dal day shall be observed on 27th December 1964 by the units of Seva Dal scattered all over the country. Last year the Seva Dal took out from Delhi "Freedom Flame" which was carried by a team of cyclists representing all the provinces to Bhubaneshwar. A Congress Session where it was received by the Congress President and Late. Pandit Jawaharlal Nehru. The Flame covered more than six thousand miles. This year Seva Dal under took a work project on all India level. It was the digging of canal at Jora in Morena Distt. (M.P.) Under the Chambal Project scheme of the Govt. of Madhya Pradesh Batches of Volunteers from provinces worked on the project for two to three weeks and were replaced by continuesly fresh one's. This work was started in May and was completed in December. Thus the project continued for more than seven months. Next year also the Seva Dal intends to undertake an all India work, most useful to the people.

All India Congress Committee,
7, Jantar Mantar Road, New Delhi.

CONGRESS SEVA DAL

Dear Friend,

You are requested to publish the above matter in your esteemed paper on 27th December 1964. Here are also a few important Dal Day messages for favour of publication.

Thanking you,

Yours sincerely,

G. Prasad

for (S.V. INAMDAR)
All India Organiser

Dated: 22-12-64.

LM

Grams : CONGRESS
Phone : 45851 (five lines)

ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

7, Jantar Mantar Road, New Delhi-1.

Congress Seva Dal

5/1/1965

Respected Doctor Sahib,

Your Post card dated 1st Jan 1965 Just at hand. Thanks.

In 1963 and 1964 there was no Publication from our department except 40th year flame. (40 year of Seva Dal). I am sending by book Post – Information Series ① what ~~it~~ it is – 3 ② New approach and outlook – 9 ③ Know Seva Dal – 12.